दिन–रविवार                                                         दिनांक– 18 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                        अवधिः– 15 मिनट

---

01. उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना का स्वतः संज्ञान लिया। मंगलवार को होगी सुनवाई।

02. रेजिडेंट डॉक्टर और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रभावित। मरीजों को हो रही है परेशानी।

03. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए किसी धर्म विशेष के खिलाफ नही है।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर हुआ सक्रिय। पश्चिम चंपारण के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ छियालीस मिलीमीटर वर्षा दर्ज।

---

उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के आर जी कर अस्पताल में ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करेगी। इस घटना को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन जारी है।

इधर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन आईएमए ने इस मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग की है जिससे स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून लाया जा सके। संघ की मांग है कि अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी होनी चाहिए।

---

स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाने के लिए केंद्र सरकार एक समिति गठित करेगी। सरकार ने रेजिडेंट डॉक्टर्स संघ के संगठन, भारतीय चिकित्सा संघ और स्वास्थ्य संबंधी अन्य पक्षों की चिंता के बाद यह निर्णय लिया है– एक रिपोर्ट

–––बाईट–––

केंद्र ने इस विषय पर राज्यों से भी समिति को सुझाव देने का अनुरोध किया है। केन्द्र सरकार ने शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी कर सरकारी अस्पतालों को निर्देश दिया था कि वे स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ किसी भी प्रकार की हिंसा के मामले में छह घंटे के भीतर प्राथमिकी दर्ज कराएं। सरकार ने यह भी कहा है कि निर्धारित समय–सीमा में प्राथमिकी दर्ज कराने की दायित्व संस्थान प्रमुख की होगी। केन्द्र सरकार ने यह अधिसूचना कोलकाता के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले के बाद देशभर में हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए जारी की है। समाचार कक्ष से मै मुकेश कुमार।

———————————————————————————

सी.बी.आई कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या के आरोपी संजय रॉय का मनोवैज्ञानिक परीक्षण कराएगा। इस सिलसिले में, दिल्ली स्थित केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के मनोवैज्ञानिक और व्यवहार परीक्षण विशेषज्ञों का एक दल ज़रूरी परीक्षण के लिए कोलकाता पहुंच गया है। सी.बी.आई. संजय रॉय को पहले ही हिरासत में ले चुकी है। इस बीच, आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर संदीप घोष से फिर पूछताछ के लिए सी.बी.आई. ने समन जारी किया है।

———————————————————————————

कोलकाता घटाना के विरोध में आईएमए की एक दिन की हड़ताल समाप्त होने से निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा बहाल हो गई है। इधर, रेजिडेंट डॉक्टर और जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल जारी रहने से पटना एम्स, पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस समेत राज्य के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा लगातार प्रभावित है।

———————————————————————————

गृह मंत्री अमित शाह ने देशभर में सीएए लागू करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए से किसी भी धर्म के व्यक्ति की नागरिकता खत्म नहीं होती है। उन्होंने कहा कि सीएए भारत में शरणार्थियों को नागरिकता के साथ–साथ सम्मान और न्याय देने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए कांग्रेस की पूर्व सरकारों ने विस्थापित हिन्दुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की हमेशा उपेक्षा की है।

———बाईट———

**सीएए देश में बस रहे लाखों शरणार्थियों को न्याय देने का और अधिकार देने का कार्य जो कांग्रेस पार्टी और उनके साथियों ने चलाई इनकी तुष्टीकरण की नीति के कारण सन 47 से लेकर 2014 तक जो लोग देश की शरण में आए उनको अधिकार नही, उनको न्याय नही, उनकी प्रताडना पडोसी देशों में तो हुई, मगर उनकी प्रताडना अपने देश में भी हुई। लाखों करोडो लोग तीन–तीन पीढिया हो गई न्याय के लिए तरसते रहे। मगर यह इंडी एलायंस की तुष्टिकरण की नीति ने इन शरणार्थियों को न्याय नही दिया।**

अमित शाह ने अहमदाबाद में 188 विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किया उन्होंने कहा कि सालों से भारत की नागरिकता मांग रहे शरणार्थियों की आँखों में खुशी की चमक देख सकता हूँ।

———बाईट———

**और सालों से इन शरणार्थियों की मांग थी 19 में मोदी जी ने अपनी दृढ राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण यह फैसला लिया, कानून पारित हुआ़ आंदोलन हुए, 24 के चुनाव के पहले हमने रूल्स बनाकर अधिकार दे दिया और आज सर्टीफिकेट भी दे दिया आप लोगों को आप सभी का ह्दय से मैं स्वागत करता हू और बडे सम्मान के साथ आप जिओगे इसका मैं विश्वास देता हूं।**

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज बिहटा में निर्माणाधीन हवाई अड्डे का स्थल निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वायु सेना के अधिकारियों के साथ बातचीत भी की। उन्होंने अधिकारियों को जल्द काम शुरू करने का निर्देश दिया है। गौरतलब है कि केन्द्र सरकार ने बिहटा में नई हवाई अड्डे के निर्माण के लिए चौदह सौ तेरह करोड़ रूपये की मंजूरी दी।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है बांका, मुंगेर और भागलपुर के किसानों को सिंचाई के लिए गंगा नदी से पानी उपलब्ध कराया जायेगा। श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन क्षेत्रों के जलाशयों में गंगा जल पहुंचाने और सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने का फैसला किया है।

———बाईट———

————————————————————————————

पूर्व विधायक सुनील पांडे भाजपा मे शामिल हो गए हैं। पटना में प्रदेश कार्यालय मे आयोजित एक समारोह में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। श्री पांडे के साथ उनके पुत्र विशाल प्रशांत और कई अन्य समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। श्री पांडे ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में भाजपा ही राज्य और देश का विकास कर सकती है। तरारी विधान सभा सीट से उप चुनाव में उतरने को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी जो निर्णय करेगी। वह मान्य होगा।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा है कि संतों को किसी विशिष्ट जाति या विचारधारा में बांधकर नही रखा जा सकता। पटना के आईएमए हॉल में भारतीय कबीर धर्म परिषद के एक दिवसीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए श्री आर्लेकर ने कहा कि कबीर दास जैसे संत पूरी मानवता के कल्याण के लिए अवतरित होते है। उन्होंने कहा कि संत कबीर के उपदेशों पर चलन से आज भी समाज कल्याण का मार्ग खुलता है।

————————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, भोजपुर, नालंदा में कुछ स्थानों पर बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई है। पश्चिम चंपारण के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ छियालीस मिलीमीटर वर्षा हुई है। भोजपुर के कोइलवर मे एक सौ चालीस मिलीमीटर और नालंदा के सिलाव में एक सौ बत्तीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, अरवल, नवादा, पटना, सीवान, बक्सर, मधेपुरा, सुपौल और सहरसा जिले में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना और बेगूसराय समेत राज्य दक्षिण–मध्य भागों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मेघगर्जन के साथ वज्रपात की भी संभावना है।

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य की विभिन्न नदियों के जलस्तर में कमी की प्रवृति देखी जा रही है। हालांकि गंगा और कोसी नदी का जलस्तर कई स्थानों पर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर दर्ज किया गया है। बाढ़ प्रभावित खगड़िया जिले में कई गांव पानी से घिरे हुए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रभावित इलाकों में राहत के कार्य किए जा रहे है। एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

इधर, भागलपुर जिले के सबौर में एनएच अस्सी पर कटाव के कारण आवागमन बाधित है। नाथनगर के कई इलाके भी बाढ़ से घिरे हुए है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

–––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

भाई–बहन के अप्रतिम प्रेम का त्यौहार रक्षा बंधन कल पूरे उल्लास और श्रद्धाभाव के साथ मनाया जायेगा। इसे लेकर बाजारों में रौनक बढ़ गई है। लोग रंग–बिरंगी राखी और मिठाईयों की खरीदारी कर रहें हैं। इधर, राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के

अवसर पर महिलाओं के लिए पटना में बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क कर दी है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सभी बसों में कल महिलाओं और छात्राओं के लिए बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क रहेगी। हर वर्ग की महिलाएं सुबह छह बजे से रात साढ़े नौ बजे तक इस सेवा का लाभ उठा सकती हैं।

———————————————————————————

केन्द्रीय चयन परिषद की सिपाही भर्ती परीक्षा के तीसरे चरण का आज प्रदेश के पाँच सौ पैंतालीस केन्द्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। परीक्षा के मद्देनजर सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

———————————————————————————

भागलपुर पुलिस ने पिछले दिनों हुई दवा व्यवसायी के पुत्र रौनक केडिया हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। एस एस पी आनंद कुमार ने बताया कि हत्याकांड के साजिशकर्ता और दो अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि रुपये के लेन देन में रौनक केडिया की हत्या की गयी थी। एसएसपी ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता अमित कुमार ने व्यवसायी बलराम केडिया को पैसे दिये थे। इसे लेकर विवाद चल रहा था। रुपये नहीं मिलने पर अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया।

———————————————————————————

नवादा जिले मे भारी बारिश के कारण ककोलत जलप्रपात में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गया है। इसे देखते हुए प्रशासन ने सैलानियों की आवाजाही पर फिलहाल रोक लगा दी है।

———————————————————————————

बेगूसराय अंतर्गत बलिया के तुलसीटोल बांध के समीप स्नान करने गई एक महिला तथा उसकी दो पुत्री की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सहायता से

तीनों शव को बाहर निकाला गया। वहीं, शेखपुरा जिले के नगर थाना अंतर्गत पचना गांव में कौरीहारी नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई।

———————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने अपहृत बालक ऋषभ को सकुशल बरामद कर लिया है। हथुआ के एसडीपीओ आनन्द मोहन गुप्ता ने यह जानकारी दी है।

———————————————————————

01. उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना का स्वतः संज्ञान लिया। मंगलवार को होगी सुनवाई।

02. रेजिडेंट डॉक्टर और जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल के कारण सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रभावित। मरीजों को हो रही है परेशानी।

03. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा नागरिकता संशोधन अधिनियम—सीएए किसी धर्म विशेष के खिलाफ नही है।

04. और, प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून एक बार फिर हुआ सक्रिय। पश्चिम चंपारण के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ छियालीस मिलीमीटर वर्षा दर्ज।

———————————————————————

समाप्त